पेट्रोलियम उत्पादों की वितरण प्रणाली तथा उनका विक्रय मूल्य

1770. **श्री अनंतराय देवशंकर दवे:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में पेट्रोल, डीजल, मिट्टी का तेल तथा अन्य तरल पेट्रो-उत्पादों की वितरण प्रणाली तथा विक्रय मूल्य एक समान है;

(ख) यदि हां, तो इन मदों के विक्रय मूल्य तथा वितरण प्रणाली का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है तथा क्या उनके वितरण और वितरण-मूल्य में विसंगतियां तथा असमानता हैं; और

(घ) क्या सरकार इन मदों की वितरण प्रणाली तथा विक्रय मूल्य में समानता लाने पर विचार कर रही है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) से (घ) पेट्रोल, डीजल, मिट्टी तेल और अन्य तरल पेट्रोलियम उत्पादों की वितरण व्यवस्था देश में एक समान है। डीजल, पेट्रोल, मिट्टी तेल (सा० वि० प्र०) और एल पी जी घरेलू जैसे सभी नियंत्रित उत्पादों के लिए देशभर में सभी रिफाइनरी स्थलों पर आधारभूत अधिकतम बिक्री कीमतें भण्डारण बिन्दू पर शुल्क आदि के अलावा एक समान हैं। परन्तु ग्राहकों के लिए अंतिम मूल्य भाड़े और चुंगी, प्रवेश कर, बिक्री कर, खरीद कर आदि जैसे अन्य स्थानीय उदग्रहणों के कारण भिन्न-भिन्न स्थानों पर भिन्न भिन्न होते हैं।

पूरे देश में ग्राहकों द्वारा अदा किए जाने वाले अंतिम मूल्यों में एक रूपता लाना संभव नहीं है क्योंकि खुदरा बिक्री मूल्य संबंधित राज्य के और स्थानीय करों की विभिन्न दरों, दूरी और इस्तेमाल किए गए परिवहन के भाड़े पर निर्भर करते हैं।

Refinery at Raibarely/Sultanpur

1771. DR. RANBIR SINGH:
SHRI RAM NATH KOVIND:
SHRI RAJNATH SINGH 'SURYA':

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) what is the position regarding proposed refinery in Raibarely/sultanpur districts of uttar pradesh;

(b) whether a request for laying its foundation has been received from uttar pradesh Government; and

(c) if so, the status thereof?

THE MINSITER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) Government has accorded the 1st stage approval to Bharat petroleum Corporation Ltd., on 9th May, 1997 for preparation of Draft Feasibilty Report for setting up of Oil Rfinery in Uttar pradesh as a joint Venture project with Shell international Petroleum Company Ltd.

(b) and (c) The question of laying of foundation stone will be considered at appropriate time.

प्राकृतिक गैस का वितरण

1772. **श्री मनोहर कांत ध्यानी:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गढ़वाल मंडल में प्राकृतिक गैस के वितरण का कार्य केवल गढ़वाल मंडल विकास निगम को दिया गया है;

(ख) क्या हरिद्वार जिले में बहादराबाद से बिक्री केन्द्रों तक दुलाई के कार्य का प्रबंध स्वयं सरकार द्वारा किया जाता है, यदि हां, तो क्या इस व्यवस्था में सुधार तथा पारदर्शता लाने के लिये कोई योजना है; और

(ग) क्या गढ़वाल मंडल विकास निगम के अतिरिक्त प्रत्येक जिले में एक एजेंसी निजी क्षेत्र को देने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो कब तक तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) गढ़वाल में प्राकृतिक गैस नहीं है। तथापि, इस क्षेत्र में एल पी जी वितरण गढ़वाल मंडल विकास निगम (ग० मं० वि० नि०) को सौंपा गया है। परन्तु गढ़वाल मंडल विकास निगम ही एकमात्र एल पी जी वितरक नहीं है। वर्तमान में गढ़वाल क्षेत्र में 39 एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिपें हैं जिनमें से 19 गढ़वाल मंडल विकास निगम की हैं तथा शेष 20 एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिपों में 5 परियोजनागत डिस्ट्रीब्यूटरशिपें एवं 15 सामान्य चयन प्रक्रिया के माध्यम से लोगों को आंबटित डिस्ट्रीब्यूटरशिप सम्मिलित हैं।

(ख) हरिद्वार जिलान्तर्गत वितरकों को एल पी जी आपूर्ति एक सुपुर्दगीकृत आपूर्ति के रूप में बहदराबाद (हरिद्वार) में स्थित भरण संयंत्र से की जाती है। इससे संबंधित परिवहन कार्य का प्रबंधन तेल कम्पनियों द्वारा उनके परिवहनकर्ताओं के माध्यम से किया जाता है जिन्हें केवल सार्वजनिक निविदा के माध्यम से परिवहन संविदायें दी जाती हैं। यह प्रणाली पारदर्शी है क्योंकि इसमें भरण संयंत्र से वितरक के गोदाम तक के लिए किया जाने वाला परिवहन सार्वजनिक निविदायें आमंत्रित करके किया जाता है।

(ग) गढ़वाल मंडल विकास निगम के अतिरिक्त, आर्थिक रूप से व्यवहार्य स्थानों के लिए कुछ एक एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिपें लोगों को डिलर चयन बोर्ड के माध्यम से सामान्य चयन प्रक्रिया के जरिए आबंटन के लिए एल पी जी विपणन योजना 1996-98 में सम्मिलित है।

गैर-सरकारी पेट्रोलियम परियोजनाओं की स्थिति

1773. **श्री चीमनभाई हरिभाई शुक्ला:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि निजी क्षेत्र की अनेक पेट्रोलियम परियोजनाएं विभिन्न कारणों से लगभग मृतप्राय स्थिति में हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उन परियोजनाओं के ऐसी अवस्था में होने के परियोजना-वार कारण क्या-क्या है;

(ग) चालू वर्ष के दौरान मंजूर की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा वास्तविक कार्य आरम्भ होने की तिथि और पूंजी निवेश के प्रवाह के संबंध में परियोजना-वार वर्तमान वास्तविक स्थिति क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने उक्त परियोजनाओं की लागत में संभावित वृद्धि से उत्पन्न होने वाली स्थिति का कोई मूल्यांकन किया है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) से (घ) निजी क्षेत्र की परियोजनाओं की कार्यविधि और प्रशासनिक संरचना पर संबंधित निजी कंपनियों का संपूर्ण आधिपत्य है, और सरकार द्वारा उनकी समीक्षा सांविधिक अपेक्षाओं के मामले के अतिरिक्त नहीं की जाती। सरकार उनकी परियोजनाओं के प्रचालन /क्रियान्वयन के तौर पर कोई वित्तीय भार भी वहन नहीं करती।

Gas Field at Kaikaluru

1774. SHRI YERRA NARAYANASWAMY: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether ONGC has found gas fields in Kaikaluru area of Krishna district in Andhra Pradesh;

(b) if so, the extent thereof and estimate of gas found in Kaikaluru gas fields;

(c) whether this gas has been offered to the private sector; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) Yes Sir. Two small oil and gas fields viz. Kaikalur-Vadali and Lingala have been discovered in the Kaikalur area.

(b) Volume of free gas for the above fields as on 1.4.97 are:—

Inplace reserve : 3065 Million cubic meters

Recoverable : 547 Million cubic meters

(c) and (d) Allocation of gas is made on the recommendations of Gas Linkage Committee (GLC)—an Inter-Ministerial Committee, as per availability of gas. Applications received for allocation of gas from the Lingala-Kaikalur fields have been referred to the Andhra Pradesh State Government for assessment of the viability of applicants and recommendations before these are considered by the GLC.

Supply of Gas to small power projects

1775. SHRI YERRA NARAYANASWAMY: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government are not encouraging small entrepreneurs who require gas for 5 MW power stations in Andhra Pradesh;